हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 31 दिसंबर 2023
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

4
एफआईआर से नंबर निकाल प्रार्थी को मामले के निपटारे का दे रहे झांसा




## खबर संक्षेप

### स्कूल गेम्स में सोनिका ने जीता गोल्ड मेडल



**सूरजपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता के दौरान 1500 मीटर दौड़ में जिले की कुमारी सोनिका राजवाड़े ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। प्रतियोगिता के दौरान छात्रा ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है। बताया जा रहा है कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में अध्ययनरत छात्रा कुमारी सोनिका राजवाड़े को जिला प्रशासन की पहल से भोपाल के स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (एसएआई ) में सीधे प्रवेश दिलाया गया था। जिसके सुखद परिणाम आज जिले को प्राप्त हुए है। प्राप्त जनकारी के अनुसार स्कूल गेमस फेडरेशन ऑफ इण्डिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित दौड प्रतियोगिता में कुमारी सोनिका राजवाड़े ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह पदक उसने 1500 मीटर की दौड में हासिल किया है। जिससे न केवल सूरजपुर अपितु संभाग व राज्य का नाम भी गौरवान्तित हुआ है। कुमारी सोनिका राजवाड़े की इस उपलब्धि पर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा छात्रा को बधाई दी गई व उसके उज्वल भविष्य के लिए कामना की गई।

### कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश



**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार भारत के केरल राज्य में पाये गए नये कोरोना वायरस (जे.एन.-1) के फैलाव होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह ने दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में कोविड के संक्रमण का कोई मामला नहीं है। जिले में समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड जांच की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। सर्दी, बुखार, खांसी या सांस में तकलीफ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या जिला चिकित्सालय में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार करावें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे- मास्क लगाना, साबुन से हाथ धोना, सैनिटाइजर का उपयोग, सोशल डिस्टेनिंसग अपनावे। कोविड के संभावित लक्षण वाले व्यक्ति से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें।

### पुलिया के डिवाइडर से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** नाना का घर पहुंचा कर अकेले बाइक से लौट रहा युवक ग्राम सरईपानी के समीप अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम पेटला निवासी सुखलाल कुमार आ. विफल साय (20 वर्ष) गत ग्राम बटकुरा निवासी नाना के यहां गया था। युवक बाइक से नाना को पहुंचाने ग्राम गोडपहरी बगीचा गया था। शाम को युवक अकेले वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम सरईपानी के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

मुख्यमंत्री से मिलकर शुभकामनाएं देने वालों का देर रात तक लगा रहा तांता

# मुख्यमंत्री का गजमाला, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर लोगों ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर/पत्थलगांव





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देने वाले लोगों का शुक्रवार देर रात तक तांता लग रहा। मुख्यमंत्री रायगढ़ और जशपुर जिले के गांवों के दौरे के बाद अपने गृह ग्राम बगिया में रात्रि विश्राम कर रहे थे। उनके निवास स्थल पर बड़ी संख्या में समाज प्रमुखों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित आसपास के ग्रामीण ने मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने बड़ी आत्मीयता के साथ लोगों से मुलाकात की। जशपुर रायगढ़ अंचल का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने वाले विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने से क्षेत्र के लोगों में अपार उत्साह और खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री से मिलने लोग आसपास के क्षेत्र से लगातार आते रहे। मुख्यमंत्री को गजमाला, पुष्प हार, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर लोगों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत सहित रामप्रताप सिंह, कृष्णा राय, भरत साय,शिवशंकर साय, रोहित साय, सुनील गुप्ता, भरत सिंह, मुकेश शर्मा, उपेंद्र यादव, श्री ओम प्रकाश सिन्हा, विभिन्न पदाधिकारी गण एवं समाज के प्रतिनिधि गण, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान नागवंशी समाज के प्रतिनिधियों ने उनका सम्मान किया। इसके साथ ही भुईया समाज, तुरी समाज, महकुल समाज, रौननियर समाज, डोम समाज, रौतिया समाज, मछुवा समाज, साहू समाज, सर्व आदिवासी समाज, ठेठवार समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। पत्थलगांव से आए प्रतिनिधिमंडल, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, कांसाबेल, शिक्षक संघ,वन कर्मचारी संघ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ, सोढ़ी समाज, डीएवी स्कूल के शिक्षक स्टाफ, प्रेस क्लब के सदस्यों, पटवारी सचिव संघ के सदस्यों ने भी मुलाकात कर मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## पहाड़ी कोरवाओं को लाभान्वित करने घर-घर पहुंच रहे अधिकारी

■ योजना से जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को किया जाएगा लाभान्वित

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारी जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर के बसाहट एवं पंचायत में पहुंचकर शिविर लगाकर विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत हुए। इस दौरान अधिकारियों ने योजना संबंध में जानकारी देकर जागरुक एवं प्रेरित किया। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखंड के विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में शिविर आयोजित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर ⏭ शेष पेज 4 पर

## बृजमोहन को शिक्षामंत्री बनाए जाने से फेडरेशन में उत्साहः चटर्जी



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं ज़िलाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, महामंत्री संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष अवनीश पांडेय ने बृजमोहन अग्रवाल को स्कूल शिक्षा मंत्री का दायित्व मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। फेडरेशन ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुधारने में बृजमोहन अग्रवाल का अनुभव तथा उनके निर्णय लेने की क्षमता से शिक्षक संवर्ग के विभागीय सेवाकालीन मुद्दों का समाधान होगा। फेडरेशन का कहना है कि राज्य स्तर पर पदोन्नति विगत पांच वर्षों से लंबित है। स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 में वर्णित नियमों एवं प्रावधानों के विरुद्ध वरिष्ठता सह उपयुक्तता को दरकिनार करते हुए प्रशासकीय पदों पर पदीय जूनियर व्यक्ति को पदस्थ किया गया है। जिसके कारण प्रशासकीय व्यवस्था एवं नियंत्रण बिगड़ गया है। विभागीय अधिकारी के उच्च पद पर जूनियर व्यक्ति पदस्थ हैं। सीनियर व्यक्ति अपने जूनियर के अधीन काम करने विवश हैं। जिसके कारण प्रशासकीय असंतुलन पैदा हो गया है। वरिष्ठ व्यक्ति पदोन्नति पाने के आस में सेवानिवृत्त हो गए हैं अथवा होने वाले हैं। फेडरेशन का कहना है कि प्राचार्य पद पर पदोन्नति का मामला हो अथवा व्याख्याता पद पर पदोन्नति हो केवल विवाद और कागजी घोड़ा दौड़ रहा है। शिक्षा विभाग में प्रभारवाद हावी है, जिसका समाधान आवश्यक है। सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत नहीं हुआ लेकिन विभाग मौन है ! वेतन विसंगति के मुद्दे पर हड़ताल हुआ, कमेटी बनी लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ! विभागीय कामकाज का ये आलम है कि प्राथमिक प्रधान पाठक (अराजपत्रित) को वेतनमान 15600-39100 ग्रेड पे 5400 (लेवल-12) स्वीकृत हो जाता है! लेकिन उच्च पद पूर्व माध्यमिक प्रधानपाठक (राजपत्रित) के मामले में विभाग मौन है। फेडरेशन का कहना है कि स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूल (सेजस) में परिवर्तित कर स्वीकृत पदों को एक प्रकार से समाप्त कर दिया गया है। इन विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों के पदस्थापना को परिवर्तित कर प्रतिनियुक्ति में पदस्थ किया गया है।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जिले में संचालित

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। इसके तहत कारपेंट,नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तीकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ बनाने वाले, पारंपरिक गुड़यिा और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी और मछली का जाल बनाने वाले सहित कुल 18 शिल्पकार और कारीगरों शामिल किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत बुनियादी एवं उन्नत प्रशिक्षण राशि 500 प्रतिदिन प्रशिक्षण मानदेय, टूल किट खरीदने हेतु 15 हजार प्रोत्साहन राशि, रियायती दर 5 प्रतिशत पर ऋण प्रथम बार लेने पर राशि 1 लाख एवं दूसरे चरण में राशि 2 लाख ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

## पहाड़ी कोरवा व बिरहोर जनजाति को मुख्य धारा में जोड़ने किया जागरूक



**जशपुरनगर।** जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जनजाति समुदाय को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना प्रारंभ की गई है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति समुदाय के समाज प्रमुखों एवं नौकरी प्राप्त युवाओं से परिचय प्राप्त कर क्या काम करते हो कि जानकारी ली। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा समाज के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए जागरूक करने समाज के लोगों से आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर बंगला में पहाड़ी कोरबा एवं बिरहोर जनजाति समुदाय के लोगों के साथ भोजन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर, आईआरएस ज्योतिष के, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, डीएफओ श्री जितेंद्र उपाध्याय भी उपस्थित थे। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पीएम जनमन योजना के तहत मिल रहे सुविधाओं को समाज तक पहुंचाने आग्रह किया। अपने बीच अधिकारियों को पाकर पहाडी कोरवा,बिरहोर समाज एव बहुत ही खुश हुए। धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने एवं शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए समाज के लोगों को जागरूक करेंगे। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है।

### लोगों ने की प्रबल प्रताप से सौजन्य भेंट



**जशपुर।** शनिवार की सुबह घने कोहरे के बीच जब बगीचा के भाजपा कार्यकर्ताओं को पता चला उनके बीच हिन्दू कुल तिलक जननायक आपरेशन घर वापसी के नायक कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव आने वाले हैं तो कार्यकर्ताओं की खुशी का ठिकाना ना रहा। आनन फानन में कार्यकर्ता बगीचा के रेस्टहाउस में जमा हो गए जहां प्रबल बाबा से लोगों ने सौजन्य भेटा की । दरअसल आज आपरेशन घर वापसी के नायक भाजपा प्रदेश मंत्री कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव का श्रेत्र भ्रमण करते हुए सरगुजा के कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात का कार्यक्रम निश्चित था इसके लिए प्रबल बाबा सुबह सवेरे ही अपने निवास विजय विहार से निकल चुके थे ! बहरहाल बगीचा रेस्टहाउस में बाबा से सौजन्य मुलाकात में भाजपा बगीचा के वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर प्रसाद गुप्ता, मंडल महामंत्री पवन सिंह, पार्षद ताहिर चिश्ती, जनपद सदस्य बगीचा विपीन सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रित्विक जैन, संतोष गुप्ता, मिथलेश यादव, संजय मद्रासी, शुभम जिन्दल, शैलेश पाठक, प्रभात सिदाम, रिषु केसरी, अजय सोनी, रविन्द्र सिंह, विवेक गुप्ता और भी अन्य भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे !

## जनवरी से स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग कोर्स का होगा आयोजन

■ जिला प्रशासन की अभिनव पहल

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की स्वायत्त संस्था भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे द्वारा संचालित बेसिक कोर्स इन स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग के 5 दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन 9 जनवरी से 13 जनवरी तक किया जाएगा।

जिले के युवा जशपुर में ही स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कैरियर का चुनाव कर सकेंगे। जिले के प्रतिभागियों के लिए आयोजित यह 5 दिवसीय कोर्स पूरी तरह निशुल्क एवं आवासीय होगा। भारतीय फिल्म और टेलिविज़न संस्थान पुणे के प्रशिक्षक यहां आकर इस कोर्स का प्रशिक्षण देंगे। आजकल स्मार्टफोन के माध्यम से बनाए गए शॉर्ट फिल्म और वीडियोज़ का चलन काफी बढा है। स्थानीय स्तर पर फिल्मों में रुचि रखने वाले अधिकांश लोगों के पास महंगे टूल्स उपलब्ध नहीं होते। जिससे उनकी रचनात्मकता और कौशल को बढ़ावा नहीं मिल पाता है। इस कोर्स के माध्यम से जशपुर जिले के स्थानीय प्रतिभागी यह जान सकेंगे कि स्मार्टफोन के माध्यम से मूवी मेकिंग कैसे की जा सकती है। इस कार्यशाला में अभ्यर्थियों को स्मार्टफोन से फिल्म मेकिंग, शॉर्ट फिल्म बनाना, किसी घटना तथा विषय वस्तु पर वीडियोग्राफी, सिनेमैटोग्राफी जैसी कलाएं सिखाई जाएंगी।

संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के प्रतिभागियों जिनकी उम्र 18 वर्ष या अधिक है तथा जिन्होंने बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, के लिए यह कोर्स आयोजित किया जा रहा है। विशेष परिस्थितियों में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण पर भी विचार किया जाएगा। आवेदन करने वाले प्रतिभागियों के पास वीडियो रिकॉर्डिंग करने योग्य एंड्रॉयड स्मार्टफोन होना आवश्यक होगा। इसमें कुल प्रतिभागियों की संख्या 40 होगी। कोर्स में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में 7 जनवरी को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में स्क्रीनिंग के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। सफलतापूर्वक कोर्स पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।



## कलेक्टर ने पीएम आवास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने दोकडा, बंसीबहार और ढोढ़ीबहार गांव पहुंचकर चल रहे पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से भी चर्चा की और पीएम आवास को लेकर पंचायत सचिव से जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं आप्रारंभ कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने जनपद सीईओ, पीएम आवास के अधिकारियों, कर्मचारियों, सचिव को पंचायत में भ्रमण कर पीएम आवास के तहत बन रहे प्रगतिरत और शेष बचे निर्माण कार्यों की शीघ्र पूर्ण करने की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर समस्याओं से अवगत हुए और पीएम आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने समझाइश दिया। इस दौरान एसडीएम श्री एस लाल, तहसीलदार सुशील कुमार सेन, जनपद सीईओ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

पीएम आवास, केसीसी, उज्ज्वला, आयुष्मान योजना व अन्य योजना से हितग्राहियों के जीवन में आया बदलाव

# सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे आम नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने का सिलसिला जारी है।

शुक्रवार को यात्रा जिले के कई ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसमें जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पोरतेंगा, विकासखंड कांसाबेल के ग्राम पोंगरो, ग्राम पंचायत, सालेकेरा, किलकिला सहित अन्य जनपद पंचायत के 2-2 ग्राम पंचायत शामिल हैं। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है। योजनाओं से संबंधित पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। यह यात्रा जिले भर में जा रही है। इसका मकसद उन वंचित लोगों तक पहुंचना है जो सरकार की योजनाओं के तहत पात्र हैं।

## सिकलसेल परीक्षणः जामपानी बरपानी व चांपाटोली मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों जिले में आयोजित अटल सुशासन समारोह कार्यक्रम 28 दिसंबर को शत प्रतिशत सिकलसेल परीक्षण करने वाले दुलदुला विकासखंड के ग्राम जामपानी, बरपानी और चांपाटोली के सरपंच को सम्मानित किए गए। उक्त ग्रामों के सरपंचों द्वारा कार्ययोजना बनाकर सभी नागरिकों का सिकलसेल परीक्षण कराया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा 01 जुलाई को सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जा रहा है। जिले में 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों के सिकलसेल स्क्रीनिंग हेतु वृहद जांच अभियान चलाया जा रहा है सिकलसेल जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं हितग्राहियों के मोबिलाईजेशन के लिये पंचायत विभाग को जिम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### पर्यटन स्थलों में लगाई गई गोताखोर व सैनिकों की ड्यूटी

**बलरामपुर।** वर्ष के अंतिम व नव वर्ष के उपलक्ष्य में पर्यटकों द्वारा बड़ी संख्या में परिवार एवं मित्रों सहित पर्यटन स्थलों में पिकनिक हेतु जाया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन स्थलों में अप्रिय घटना को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से एक गोताखोर एवं एक सैनिक की ड्यूटी 31 दिसम्बर 2023 से 5 जनवरी तक लगाई गई है। जिसके अंतर्गत जिले के विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत पर्यटन स्थल पलटन घाट में मुन्ना राम, धीरेन्द्र केरकेट्टा, तथा गुरु सिंधू राजेश सिंह, मनोज शर्मा, शंकरगढ़ अंतर्गत कोठली में हरिनाथ राम, संदीप, राजपुर अंतर्गत घघीया(लड़ुवा) में सुनील लकड़ा, विकास खेस्स, तथा बलरामपुर अंतर्गत परेवादह में अमरदीप टोप्पो, कमलेश तिर्की एवं पवईफाल में राजेश प्रसाद, जॉन मंगल साय की ड्यूटी लगाई गई है।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर

**बतौली/सेदम।** शहर से घर जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा निवासी ज्योति प्रकाश आ. धना राम पैकरा (32 वर्ष) आज दोपहर किसी काम के सिलसिले में शहर आया था। शाम को ग्रामीण बाइक से अकेले घर जाने लगा और जैसे ही बेल कोटा के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर ग्रामीण को सड़क पर गंभीर हालत में पड़ा देख राहगीरों ने शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है।

### साइड नहीं देने पर कार सवार युवकों ने की पिकअप चालक से मारपीट

**अम्बिकापुर।** साइड नहीं देने से नाराज हुए कार सवार युवकों ने पिकअप चालक की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम लमगांव खालपारा निवासी मनोज नायक आ. स्व. सुशील नायक 25 दिसंबर की शाम पिकअप से धान लोड कर पहुंचाने के लिए ग्राम कोट पहाड़पारा जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे कार सवार ग्राम रघुनाथपुर मिशन चौक निवासी प्रशांत सिंह, किशोर एवं एक अन्य युवक ने पिकअप साइड करने की बात कही। जिस पर मनोज ने पिकअप हटाने के लिए उनके कार को पीछे करने की बात कही तो तीनों युवक नाराज हो गए और गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई दी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी में दर्ज कराया । रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से युवती घायल

**अम्बिकापुर।** ग्राम पटियाडांड निवासी राजकुमार आ. बच्चनराम शनिवार को साइकिल से टोनाही आम साप्ताहिक बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### बाइक सवार ने पैदल घर लौट रही युवती को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** दुकान से काम करके पैदल घर लौट रही युवती को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में युवती को गंभीर चोट आई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुंजनगर झारपारा निवासी 18 वर्षीय जाजी राजवाड़े पिता स्व. बिशुन राजवाड़े बीती रात करीब 9 बजे बिश्रामपुर स्थित एक दुकान में काम करके पैदल अपने घर वापस लौट रही थी। तभी रेलवे स्टेशन चौक के समीप बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 5807 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवती को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती के सिर, दोनों पैर व शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आई है। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

वर्षों बाद भी शुरू नहीं हो पाया निर्माण कार्य

# स्वीकृत होने के बाद भी राशि के अभाव में 2929 एएचपी मकानों का निर्माण अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सत्ता परिवर्तन के बाद शहरी क्षेत्र में पीएम आवास के 2929 एएचपी मकानों के निर्माण की आस एक बार फिर से जगी है। मकानों के निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद राशि के आभाव में आज तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। ऐसे में अब फिर से नए सिरे से पहल किए जाने की बात कही जा रही है ताकि हितग्राहियों को अपना मकान मिल सके। बता दें कि गरीबों को रहने के लिए अपना मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम आवास योजना के तहत एएचपी मकानों का निर्माण कराया जा रहा है। प्रधान मंत्री आवास के तहत मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत एएचपी मकानों की योजना ऐसे हितग्राहियों के लिए है जिनके नाम से भारत में कहीं जमीन व मकान नहीं है एवं उनकी आय तीन लाख से कम है। इसके साथ ही इस योजना का लाभ निगम के मलीन बस्तियों में रहने वाले, हाईटेंशन तार के नीचे रहने वाले, तालाबों की मेढ़ पर रहने वाले, बाढ़ क्षेत्र में रहने वालों सहित अन्य पात्र हितग्राहियों को मिलना था। नगर निगम क्षेत्र के लिए शासन द्वारा 3422 एएचपी मकानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी और इन मकानों का निर्माण लगभग डेढ़ सौ करोड़ की लागत से कराया जाना है। निगम क्षेत्र की बात की जाए तो 3422 में से अब तक महज 493 मकानों का निर्माण ही प्रारम्भ हो सका है। बाकी 2929 मकानों के लिए आज तक शासन स्तर से राशि ही स्वीकृत नहीं हो पाई। राशि नहीं मिलने के कारण स्वीकृत कार्य भी ठन्डे बस्ते में चले गए है। अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रही है। ऐसे में वर्षों पहले फार्म भरकर अपने मकान का इंतजार कर रहे लोगों में भी एक आस फिर से जगी है। खास बात यह है कि 3422 मकानों के लिए 10526 लोगों ने आवेदन किया था और आवेदनों की जांच में लगभग 5500 आवेदनकर्ता निगम अधिकारियों को मिले ही नहीं जबकि महज 3200 लोग ही मकान के लिए पात्र पाए गए है।

**खास बात**

- सत्ता बदलने के बाद हितग्राहियों में फिर से जगी उम्मीद



**केंद्र, राज्य के साथ हितग्राहियों का अंश**

पीएम आवास के तहत बन रहे एएचपी मकानों के निर्माण की कुल लागत डेढ़ सौ करोड़ है। इनमें एक मकान की लागत लगभग 4 लाख 70 हजार रुपए आंकी गई है और जबकि 75 हजार रुपए हितग्राहियों से किश्तों में लिया जा रहा है। इस योजना में 40 प्रतिशत केंद्र, 30 प्रतिशत राज्य व 30 प्रतिशत हितग्राहियों का पैसा लगना है लेकिन शासन से राशि नहीं मिलने के कारण फिलहाल मकानों का कार्य प्रारम्भ ही नहीं हो पाया है। हालांकि अब नगर निगम सरकार व प्रशासन द्वारा एक बार फिर से राशि स्वीकृत कराने हेतु पहल किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन इस प्रक्रिया को फिलहाल प्रारम्भ नहीं किया गया है।

**493 में चल रहा कार्य**

वर्तमान में स्वीकृत 3422 में से महज 493 मकानों में ही निर्माण कार्य चल रहा है। इन मकानों का कार्य भी राशि के अभाव में रुक गया था लेकिन बाद में राशि आने के बाद जनवरी माह में फिर से काम शुरू कराया गया। राशि आने के बाद एक वर्ष पूर्ण होने को है लेकिन निर्माण कार्य में प्रगति नहीं आई है। अभी भी अधिकारी मार्च महीने तक निर्माण कार्य पूर्ण होने की बात कह रहे है। बताया जा रहा है कि पीएम आवास के एएचपी मकानों के तहत जिन 493 मकानों का निर्माण किया जा रहा है वे 1 बीएचके के है। इनमें बेडरूम, किचन, हॉल व टॉयलेट मौजूद है। सुभाष नगर में कुल 17 ब्लॉक का निर्माण फिलहाल कराया जा रहा था और हर ब्लॉक में 29 मकान है।

**की जाएगी पहल**

वर्तमान में 493 एएचपी मकानों का निर्माण चल रहा है और निर्माण कार्य मार्च तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। समय-समय पर निर्माण कार्य की निगरानी हो रही है। शेष मकानों के लिए राशि स्वीकृत नहीं हो पाई थी। राशि स्वीकृत कराने के लिए पहल की जाएगी।
-अभिषेक कुमार, आयुक्त ननि



## डंबल इंजन की सरकार से विकास होगा दोगुना : पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

विकासखण्ड सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम पोड़ी व केतका में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत पोड़ी, मानी, गेतरा, सपकरा के ग्रामीण पोड़ी में एकत्रित हुए, जबकि जोबगा, केतका व लाछा के ग्रामीण केतका में शामिल होकर शासन के विभिन्न महत्त्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी लिए। शिविर में 14 विभाग ने अपना स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी और योजनाओं से छूटे हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने की कार्यवाही की गई। ग्राम पोड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की रथ पहुंचने पर रथ में लगी एलईडी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योजनाओं को ग्रामीण सुने। स्कुली बच्चों द्वारा धरती करे पुकार के तहत नाटक की प्रस्तुति दी गई। मेरी जुबानी मेरी कहानी के तहत सभी पंचायत से योजनाओं का लाभ लिए हितग्राहियों ने अपनी कहानी सुनाई। महिला बाल विकास विभाग सूरजपुर के सेक्टर सुपरवाइजर माया द्विवेदी के मार्गदर्शन में पौष्टिक पाठशाला का प्रदर्शनी लगाकर पोड़ी, मानी, गेतरा, सपकरा के सभी गर्भवती महिलाओं का गोद भराई रस्म व 6 महीने तक के बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम कर उन्हे थाली के साथ पौष्टिक आहार की थैली वितरण कर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को ग्राम सलका में कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ लीना कोशम, एसडीएम रवि सिंह, तहसीलदार, डीएफओ, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी एसके शुक्ल के अलावा पोड़ी में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने शासन के योजनाओं को गिनाया और ग्रामीणों को उसका कितना लाभ प्राप्त हुआ इसकी जानकारी ली। भाजपा नेता संत सिंह ने भी केंद्र से संचालित सभी योजनाओं को सार्थक बताते हुए कहा कि आप सबने डबल इंजन की सरकार बनाई है इससे राज्य का विकास भी डबल होगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बिहारी कुलदीप, जनपद सदस्य पुष्पा शिवभजन मरकाम, दरोगा सिंह, किशन देवांगन, सरपंच श्रीमती सोनामनी, मोहरमनिया, स्वाति सिंह उमाशंकर देवांगन व अन्य उपस्थित थे।




## शिशु महतारी जतन जागृति अभियान में 350 महिलाएं एवं बच्चे लाभान्वित

**अम्बिकापुर।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा अप्रैल महीने से संचालित शिशु महतारी जतन जाग्रति अभियान के तहत ग्राम परसा, बासन, साल्ही, घाटबर्रा, हरिहरपुर, फतेहपुर, तारा, जर्नादनपुर, शिवनगर और गुमगा सहित 15 गांवों के आंबा केंद्रों में 352 नवजात शिशुओं, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं ने भागीदारी की। महिलाओं को बीमारियों से बचाव एवं बच्चों की देख-रेख के संबंध में जानकारी दी गई। 352 शिशुवती माताओं को विशेष जच्चा-बच्चा किट वितरित किया गया।

## 73 किसानों को नहीं मिला दो वर्ष का बोनस, सूची में दिखा रहा 1 बोरी धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़मोड़

आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित धान खरीदी केंद्र दवनकरा में वर्ष 2015-16 में किसानों ने धान बेच कर राशि तो प्राप्त किया था परंतु शाखा प्रबंधक द्वारा किसानों के द्वारा बेचे गए धान को अभिलेख में नहीं चढ़ाया गया। ऐसे में क्षेत्र के किसान शासन से मिल रहे बोनस राशि से वंचित हो गए। क्षेत्र के किसानों ने बोनस दिलाए व समिति प्रबंधक के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि हाल ही में सुशासन दिवस पर प्रदेश सरकार द्वारा दो वर्ष का धान बोनस राशि का वितरण किया। परंतु दवनकरा धान खरीदी केंद्र में साल 2015-16 में क्षेत्र के किसानों ने समिति में धान बेचा था। परंतु समिति प्रबंधन की लापरवाही के कारण धान को अभिलेख में नहीं चढ़ाया गया। किसानों को आरोप है कि धान को मिली भगत कर अन्य के खाते में बेचा गया है। जिसका खुलासा खाते में राशि नहीं आने के बाद हुआ जबकि भुगतान चेक के माध्यम से किया गया था। किसानों ने बोनस राशि जल्द से दिलाने की मांग की है। साथ ही लापरवाह समिति प्रबंधक के विरूद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में समिति के संतोष नाविक ने बताया कि धान बिक्री करने हुए काफी दिन हो गए है कि जिस कारण कुछ नहीं बता सकते है।



## आवास आबंटन प्रक्रिया में प्रबंधन चला रहा जंगलराज : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

श्रमिक संगठन एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेन्द्र मिश्र ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर कंपनी द्वारा निर्धारित आवास आबंटन हेतु नीति व नियम को दरकिनार कर पैतृक सम्पत्ति समझ कर बंटवारा किए जाने पर असहमति जताते हुए आमरण अनशन कर विरोध प्रदर्शित करने की बात कही गई है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि श्रमिकों के आवास आबंटन प्रक्रिया को पैतृक संपत्ति के बंटवारे जैसा होना समझ से परे है। क्षेत्र की स्थापना के समय से लेकर आज पर्यन्त तक कभी भी इस तरह आवास आबंटन की सूची जारी नहीं की गई है, जो सूची जारी की गई है उसमें भारी अनियमितता बरती गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आवास आबंटन सूची में जिनका दो वर्ष बाद सेवा समाप्त होना है, उन्हें आवास आबंटन कर दिया गया है, जिन्होंने कम्पनी के किसी भी नीति व नियम का पालन नहीं किया गया। गत दिनों 20 नवंबर 2023 को आवास आबंटन हेतु बैठक ट्रांजिस्ट हाऊस में बुलाई गई लेकिन पहुंचने पर पता चला कि जीएम ऑफिस के सभागार में बैठक होगी। बैठक के दौरान प्रबंधन का व्यवहार पूर्व निर्धारित होने की स्थिति में सभासद ने बैठक के दौरान आवास क्रमांक वनसी 18 को किसी के नाम आबंटित आवास, अनाधिकृत रूप से किसी और को आबंटित कर दिया गया। महाप्रबंधक से चर्चा चाहने के पश्चात अद्योहस्ताक्षरी सीटू एवं इंटक के साथी के साथ बैठक से बाहर आ गए। यूनियन ने आरोप लगाया कि प्रबंधन आवास आबंटित तत्काल करना चाहते थे तो वरिष्ठता क्रम में कंपनी के नीति व नियम के परंपरानुसार आबंटित करना चाहिए था। ज्ञापन में मांग किया गया है कि कंपनी के नीति व नियम के अनुसार आबंटित आवास की सूची निरस्त कर न्यायोचित निर्णय लिया जाना चाहिए। मांग पूर्ण न होने पर आगामी 24 जनवरी बुधवार को सायंकाल 4 बजे से आमरण अनशन कर यूनियन द्वारा विरोध प्रदर्शित किया जाएगा ।

- एचएमएस यूनियन 24 जनवरी से बैठेगा आमरण अनशन पर

## भाजपा पदाधिकारियों ने साप्ताहिक बाजार से अवैध वसूली कराई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को साप्ताहिक बाजार में एक सभा का आयोजन कर कांग्रेस शासन काल के दौरान बाजार में छोटे व्यापारियों से हो रहे अवैध वसूली को बंद कराया। मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विजय राजवाड़े के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजार में घूम कर व्यापारियों को अब दो टिकट नहीं लगने की जानकारी दी। छोटे-बड़े व्यवसायियों ने भी बताया कि आज एक ही टिकट का पैसा लिया गया है। साप्ताहिक बाजार को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा त्रिपुरेश्वरपुर का बाजार सभा बताकर बाधित करने का प्रयास किया गया था। विधानसभा चुनाव के बाद बाजार सभा के लिए भाजपा को निर्वाचन आयोग द्वारा मिले अनुमति तथा भाजपा की सरकार बनते ही उक्त बाजार की भूमि का सीमांकन करा कर बाजार को तीन हिस्सों में विभाजित कर दिया गया है। अब रामानुजनगर ग्राम पंचायत, त्रिपुरेश्वरपुर ग्राम पंचायत तथा बहुरानी की भूमि को अलग अलग कर कर बाजार में हो रहे अवैध वसूली को बंद कर दिया गया है। जिस पर छोटे बड़े व्यापारियों ने खुशी जताई है। साप्ताहिक बाजार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय ने चुनाव के दौरान भाजपा के संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विजय राजवाड़े, महामंत्री राजेंद्र aसिंह, सुमंत साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान अजय सिंह, सौभाग्य दुबे, रामकृष्ण साहू, सत्यनारायण दुबे, रामप्रताप साहू, बंशी शर्मा, कवल साय सिंह, अमर सिंह, नंदू यादव, संजीव गुप्ता, श्याम सुंदर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्षेत्रवासियों के स्वागत से अभिभूत नेताम ने कहा-आपके प्यार से बड़ी कोई पूंजी नहीं



**रामानुजगंज।** कैबिनकेट मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर रामविचार नेताम का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान श्री नेताम ने कहा कि मेरे लिए आपके प्यार और आर्शीवाद से ज्यादा कोई पूजा नहीं हो सकती। इतना बड़ा धन मुझे कोई नहीं दे सकता। हम पूरी ईमानदारी के साथ क्षेत्रवासियों एवं प्रदेश की सेवा में लगे रहेंगे, जिसमें आप सबको मिलकर काम करना होगा। हम फिर आएंगे और 14 जनवरी के मेले में मिलेंगे। 10 वर्षों से मैने आप के लिए लड़ाई लड़ी है। यही कारण है कि सभी की भावना सफल हुई। कुछ लोग कह रहे थे कि बड़ी मुश्किल से 3 हजार मत से हार जीत होगी, मगर 30 हजार से अधिक मत से मुझे जीत मिली। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही अधिकारियों को चेतावनी दे दी है 15 दिन में अंबिकापुर रोड चलने लायक हो जाना चाहिए। जनवरी-फरवरी में सरगुजा से हवाई यात्रा की भी शुरूआत हो जाएगी। सरकार बनते ही मोदी की गारंटी के तहत शासन ने पहले 18 लाख लोगों के आवास पर हस्ताक्षर किए तथा किसानों के 2 साल का पिछला बोनस दिया। आगे महतारी बंधन योजना के तहत प्रत्येक महिला को जनवरी माह से 1 हजार रूपए मिलना चालू हो जाएगा। अभी आप कोई काम मत कहिएगा, सब की उम्मीदें पूरी होंगी। जिन्होंने गरीबों की जमीन हड़पी है फर्जी मुकदमा कराया है उसका हिसाब होगा। सबको न्याय दिलाना हमारा उद्देश्य है। सारे अधूरे काम पूरे किए जाएंगे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया लाल अग्रवाल, अनूप तिवारी, अरूण केशरी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती शर्मिला गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, शैलेश अग्रवाल, श्रीमती चंदा सिंह, श्रीमती तारावती सिहं, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती कुसुम अग्रवाल, श्रीमती ललिता प्रमोद कश्यप, इरफान अंसारी, पवन कश्यप, संतोष यादव, राजकुमार यादव, ललन यादव सहित बड़ी संख्या में समर्थक व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## नुनेरा की टीम ने विरोधी टीम को 2-1 से पराजित कर खिताब पर जमाया कब्जा

डांड़गांव। ग्राम पंचायत करौंदी में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को ग्राम नुनेरा व खोडरी के मध्य खेला गया। रोमांचक मैच में नुनेरा की टी ने बेहतर खेल कर प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम को 2-1 गोल से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल द्वारा विजेता टीम को 30 हजार व उपविजेता टीम को 20 हजार एवं शील्ड प्रदान करने के साथ ही अच्छे खेल का प्रदर्शन करने पर दोनों टीम को 11-11 सौ देकर सम्मानित किया। उन्होंने करौंदी खेल ग्राउंड में एक मंच बनाने की घोषणा किया। उन्होंने खेल आयोजन समिति के की सराहना करने हुए कहा कि गांव-गांव ऐसे खेल का आयोजन होते रहना चाहिए। खेल में कोई हारता या जीतता नहीं है बल्कि उसे एक नया अनुभव मिलता है और उस अनुभव के कारण आने वाले दिनों में खिलाड़ी और बेहतर खेल का प्रदर्शन करता है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। इस दौरान विनोद हर्ष, नीरज अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, दिनेश बारी, अखंड विधायक सिंह, शुभम भदौरिया, भोजवंती सिंह, सोनकलिया सिंह, चंदन सिंह महेश सिंह, शंभू सिंह, मनबोध सिंह, संतोष गुप्ता, नरेश सिंह, अजीत सिंह, अमरसाय, दशमेत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पौनी पसारी योजना के तहत बनाया गया शेड बना शो पीस

# शहर के चौक-चौराहों पर लग रहा अघोषित बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के चौक-चौराहों पर अघोषित बाजार संख्या बढ़ती ही जा रही है। चौक चौराहों के समीप सज रही बाजार से न सिर्फ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बल्कि आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। शहर के चौक चौराहों में लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व पौनी पसारी योजना के तहत पांच स्थानों में सब्जी बिक्री करने के लिए लाखों की लागत से शेड निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि योजना के तहत नगर निगम द्वारा बाजार के लिए शेड निर्माण करा दिया गया परंतु गांधीनगर थाना के समीप व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड़ का उपयोग सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है परंतु बाकी तीन स्थानों पर लगाए गए शेड मात्र शो पीस बनकर रह गई है। आज भी इन क्षेत्रों में शेड के नीचे सब्जी बाजार लगाने के बजाय चौक चौराहे व सड़क किनारे ही सब्जी विक्रेता अपनी दुकान लगाते है। बावजूद इसके आज तक इन सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित नहीं किया गया है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। शहर के आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण सब्जी बिक्री करने शहर आते हैं। शहर में कंपनी बाजार व गुदरी बाजार में सब्जी विक्रेताओं की अधिक भीड़ होने पर ग्रामीण शहर के चौक चौराहों के समीप सड़क किनारे सब्जी बिक्री करते है। शहर के कोई ऐसा चौक चौराहा नहीं है जहां सब्जी विक्रेताओं द्वारा दुकान नहीं लगाई जाती है। चौक चौराहों व सड़क किनारे लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी पौनी पसारी योजना के तहत शहर के पांच प्रमुख जगह बिलासपुर चौक के समीप मठपारा, प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप, महामाया मंदिर के नवागढ़ व गांधी नगर थाना के समीप के अलावा आकाशवाणी चौक के समीप जगह का चिन्हांकन किया गया। कुछ साल पर ही लाखो की लागत से चिन्हांकित जगहों में नगर निगम द्वारा लाखों की लागत से चबूतरा व शेड का निर्माण कराया गया। शेड़ व चबूतरा का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है। गांधीनगर थाना के समीप व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड को छोड़ बाकी जगह की शेड के नीचे बाजार नहीं लगने से मात्र शो पीस बनकर रह गई है।

**खास बात**

- दुर्घटना की संभावना बढ़ी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**मवेशी व गरीबों का बना आशियाना**

नगर नगर द्वारा शहर के पांच स्थानों पर पौनी पसारी योजना के तहत शेड व चबूतरा का निर्माण कराया गया है। गांधीनगर व आकाशवाणी चौक के समीप निर्माण कराए गए शेड व चबूतरा का उपयोग बाजार के लिए किया जाता है। परंतु नवागढ़, मठपारा व प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप बनाए एक शेड़ के नीचे सब्जी व्यवसायियों द्वारा दुकान नहीं लगाने से शेड़ व चबूतरा अनुपयोगी हो गया है। ऐसे में शहर में भिक्षाटन करने वाले गरीब लोगों का दूसरे जगह मवेशियों का आशियाना बन गया है। शेड निर्माण कराए साल भर से अधिक हो गए परंतु आज तक शेड़ के नीचे बाजार नहीं लग सकी।

**नहीं आते ग्राहक**

नगर निगम द्वारा बनाए गए शेड में कुछ दिन सब्जी विक्रेताओं ने दुकान लगाई परंतु ग्राहक नहीं होने से सब्जी व्यवसायी पुनः चौक चौराहों के समीप दुकान लगाना शुरू कर दिया। सब्जी विक्रेताओं की माने तो बनाए गए सेड में सड़क से काफी अंदर होने के कारण ग्राहक नहीं पहुंचते और केवल एक दो लोगों द्वारा दुकान लगाने आए जबकि अन्य लोग सड़क किनारे ही दुकान लगाए रखा जिससे उनके पास ग्राहक नहीं आने से बिक्री कम होने लगी। व्यवसायियों का कहना है कि सब्जी बिक्री नहीं होने तथा खराब होने से उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान होता है जिससे वे चौक चौराहों व सड़क किनारे सब्जी बिक्री करने को मजबूर है।

## सरगुजा संभाग में एम्स हॉस्पिटल खोलने सीएम को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** सरगुजा संभाग में एम्स हॉस्पिटल खोले जाने की मांग को लेकर आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों के सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर सरगुजा संभाग में एम्स हॉस्पिटल खोले जाने की मांग की है। सीएम को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरगुजा संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पिछड़ा व गरीब इलाका है,यहां से चारों तरफ उच्च स्तरीय चिकित्सालय 400 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है।आवागमन का मुख्य साधन सड़क मार्ग है जो काफी खर्चीला व जानलेवा है। दुर्घटना होने अथवा गंभीर रूप से बीमार होने पर आपातकालीन स्थिति में यात्रा का समय अधिक होने से मरीज की रास्ते में सांसे थम जाती है।रायपुर एवं बिलासपुर में उच्च स्तरीय चिकित्सालय है लेकिन सरगुजा संभाग में उच्चस्तीय अस्पताल अब तक नहीं है।उत्तर छतीसगढ़ से सटे राज्यो में उच्च स्तरीय अस्पताल हैं जो काफी दूर स्थित है। कोरवा, पण्डो, बिरहोर, चेरवा इत्यादि विशेष जनजाति वर्ग के लोग सरगुजा में निवासरत है। खासतौर पर बारिश के समय उल्टी, दस्त, डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों की चपेट में आकर दूरस्थ अंचल के लोग इलाज के आभाव में असमय काल के गाल में समा जाते है।



## शूरा संग घूमने निकले अरबाज

**मुंबई।** सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के अचानक से दूसरी बार शादी की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी दुल्हन के बारे में जानने के लिए उत्सुक था। 24 दिसंबर 2023 को 'प्यार किया तो डरना क्या' एक्टर ने अपनी गर्लफ्रेंड और पेशे से मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। हाल ही में शादी के 5 दिन बाद अपनी पत्नी के साथ अरबाज खान डिनर डेट पर निकले। जहां कुछ यूजर्स ने दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार लुटाया, तो वहीं कुछ यूजर्स को शूरा को देखकर मलाइका अरोड़ा याद आ गई। अरबाज खान और शूरा खान अपने निकाह के बाद से ही खुद को पैपराजी से बिल्कुल दूर रख रहे हैं। हाल ही में दोनों का डिनर डेट से निकलते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।

लाइफ Style



# श्रुति हासन

दिग्गज अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। अब हाल ही में, ओरहान अवात्रामणि यानी कि ओरी ने कपल की शादी की बात बताई। इस खबर ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है।

## बॉयफ्रेंड से शादी की अफवाह पर ओरी को लताड़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब श्रुति हासन ने आगे आकर खुद इस बात पर सफाई दी है। उन्होंने शादी की अफवाह का झूठ बताते हुए कहा कि वह यह भी नहीं जानती हैं कि ओरी कौन हैं। श्रुति हासन ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'मैं नहीं जानती कि वह कौन हैं। मैं अपना काम करने और अपनी जिंदगी जीने में व्यस्त हूं। मेरा ध्यान हमेशा उन लोगों पर रहा है, जो मेरे जीवन और मेरे आस-पास अच्छी ऊर्जा लाते हैं। मैंने हमेशा ही यह कहा है और मैं इस पर कायम हूं। मैं एक दर्पण की तरह हूं। मैं लोगों के साथ बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करती हूं, जैसा मेरे साथ किया जाता है और मैं इसके लिए कभी सॉरी नहीं हूं।' सालार अभिनेत्री ने आगे कहा, 'यह बहुत मूर्खतापूर्ण है। मैं चाहती हूं कि जो लोग मुझे नहीं जानते वह मेरे बारे में बात न करें। मैंने अपनी जिंदगी पूरी खुलेपन और ईमानदारी से जी है। अगर मैं शादीशुदा होती तो मैं इसे क्यों छुपाती। मैंने एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया क्योंकि मेरा सोशल मीडिया इस खबर से स्पैम हो गया था। यह काफी मजेदार था। मैं इस पर हंस रही थी।' हाल ही में, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर लिखा था, 'मैं शादीशुदा नहीं हूं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो हर चीज के बारे में खुलकर बात करती है। मैं इसे क्यों छिपाऊंगी? इसलिए जो लोग मुझे बिल्कुल नहीं जानते हैं, कृपया शांत हो जाएं।

हॉलीवुड मसाला




## इंडस्ट्री को दिए कई सुपरहीरो

**लॉस एंजिलिस।** स्टेन ली एक ऐसा नाम है जिससे हम सभी के बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। स्टेन ली कॉमिक बुक राइटर और एडिटर थे। यह वही शख्स हैं जिन्होंने दुनिया को 'स्पाइडरनमैन', 'द हल्क', 'आयरन मैन' जैसे किरदार और मार्वल कॉमिक्स दी थी। हॉलीवुड में स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स को लेकर कई फिल्में बनाई गई हैं, जिन्हें दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया। तो आइए जानते हैं स्टेन ली की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें... 28 दिसंबर 1922 को न्यूयॉर्क में जन्मे स्टेन ली ने 1961 में दि फैंटास्टिक फोर के साथ मार्वल कॉमिक्स की शुरुआत की थी।



## दुनियाभर में बज रहा वोंका-एक्वामैन 2 का डंका

**लॉस एंजिलिस।** एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की › वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। दोनों ही फिल्में बुधवार को रिलीज हुई थीं। शुक्रवार तक यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी।



## 2024 में रचाएंगी दूसरी शादी

**मुंबई।** क्या मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है? मलाइका ने डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' ने अर्जुन से ब्रेकअप की अफवाहों को हवा दी। मलाइका, फराह खान के साथ शो में जज हैं। हाल में शो का नया प्रोमो जारी हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह, मलाइका से उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछती हैं। जिस अंदाज में वह जवाब देती हैं, उससे लगता है कि वह अब सिंगल हैं और किसी और शादी करना चाहती हैं। मलाइका का यह बयान उनके पूर्व पति अरबाज खान की दूसरी शादी के बाद आया है। 'झलक दिखला जा' के प्रोमो वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान ने मलाइका अरोड़ा से पूछा, "2024 में, क्या आप सिंगल पेरेंट कम एक्ट्रेस से डबल पेरेंट कम एक्ट्रेस बन जाएंगी?" इस सवाल से मलाइका उलझन में पड़ गईं।



## फिर कंट्रोवर्सी में फंस गए रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर हमेशा ही सुर्खियों में रहते हैं। या अगर हम सीधा कहें कि कॉन्ट्रोवर्सी का हिस्सा बने रहते हैं तो गलत नहीं होगा। ये तो जगजाहिर है कि रणबीर ऑफिशियली सोशल मीडिया पर नहीं हैं। ना तो वो कोई पोस्ट करते हैं, ना ही इधर-उधर कोई बयानबाजी देते हैं। फिर भी वो विवादों का शिकार हो ही जाते हैं। हाल ही में रणबीर की एनिमल फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म में उनके कैरेक्टर, डायलॉग्स और बिहेवियर को लेकर काफी विवाद हुआ। उनके कैरेक्टर रणविजय के साथ-साथ रणबीर को भी टॉक्सिक बता दिया गया। लेकिन ऐसा सिर्फ रील लाइफ तक ही सीमित नहीं है। एनिमल विवाद की आंच अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि कपूर खानदान के सलाना क्रिसमस सेलिब्रेशन का हिस्सा बने रणबीर फिर नई मुसीबत में फंस गए।

टीवी मसाला



## जोरदार होगा वीकेंड का वार, एक-दो नहीं पहुंचेंगे कई खास मेहमान

**मुंबई।** बिग बॉस 17 का वीकेंड का वार का सभी को इंतजार रहता है। सलमान जिस तरह से कंटेस्टेंट को समझाते हैं या फिर फटकार लगाते हैं वह कोई और नहीं कर सकता। हर हफ्ते कोई ना कोई सेलिब्रिटी अपने शो और फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचता है। बीते हफ्ते क्रिसमस पर रवीना टंडन और अब्दू रोजिक मेहमान बने थे। उन्होंने कंटेस्टेंट और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब आने वाले वीकेंड में कई और स्पेशल मेहमान आएंगे जो सलमान के कारीफी करीब हैं। वीकेंड का वार के स्टेज पर एक बार फिर से दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र पहुंचेंगे। धर्मेंद्र शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह करीब 3 साल से शो में लगातार मेहमान के रूप में नजर आए हैं। सलमान उनका बहुत सम्मान करते हैं। उनके साथ गहरा रिश्ता है। धर्मेंद्र के साथ कृष्णा अभिषेक भी स्पेशल एपिसोड में पहुंचेंगे जो दर्शकों को खूब हंसाने का काम करेंगे। दोनों के साथ का यह एपिसोड कमाल का होने वाला है।

## रोहित की वजह से टेंशन में आ जाएगा पौद्दार परिवार

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत में दिखाया जाएगा कि अरमान अकेले बैठकर पुराने दिनों को याद करेगा। वह रोहित के साथ बिताए पलों के बारे में सोचेगा। वहीं रोहित अपने कमरे में



बैठकर रोएगा। दादी-सा, रोहित को परेशान देख दुखी हो जाएंगी। वह रोहित के पास जाएंगी और उससे उसके नाराज होने की वजह पूछेंगी। रोहित, दादी-सा से मदद मांगेगा और एक प्लान बनाएगा। प्लान के मुताबिक, दादी-सा बड़ी मां को कॉल करेंगी और पौद्दार हाउस आने का कहेंगी। एक तरफ, रोहित तैयारियों में जुट जाएगा। दूसरी तरफ, अरमान अपना कमरा देख भड़क जाएगा। वह अभिरा से पूछेगा, 'ये सब क्या है?' अभिरा के मुंह पर टेप लगा होगा इसलिए वह लिख-लिखकर अरमान से बात करेगी। अरमान, अभिरा से टेप हटाने के लिए कहेगा लेकिन, अभिरा नहीं मानेगी। ऐसे में अरमान, अभिरा पर चिल्लाने लगेगा और तभी अरमान का भाई आ जाएगा। वह अरमान को बताएगा कि उसके लिए पुलिस आई है। अभिरा और अरमान हैरान रह जाएंगे। दोनों नीचे जाएंगे।

## पठान, जवान... नहीं 2023 में द केरल स्टोरी के नाम सबसे ज्यादा प्रॉफिट

**मुंबई।** साल 2023 बॉलीवुड के लिए काफी धमाकेदार साबित हुआ। कोविड के बाद ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने आग लगा दी। वहीं सिनेमाघरों में भी जमकर सीटियां गूंजी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर मूवीज मिलीं। शाहरुख खान, रणबीर कपूर और देओल फैमिली के लिए साल काफी अच्छा बीता। अब साल खत्म होने को है तो नफे-नुकसान पर नजर डालना भी बनता है। पठान, जवान, गदर2, एनिमल ने खूब वाहवाही बटोरी। हालांकि प्रॉफिट की बात करें तो एक ऐसी फिल्म लिस्ट में टॉप है जो लोगों के ध्यान से उतर चुकी है। साल 2023 की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म पठान के धमाके से हुई। इसके बाद जवान और गदर 2 शोर रहा। फिल्मों ने बंपर कमाई की, ब्लॉकबस्टर भी रहीं लेकिन अगर फिल्म में लगे बजट को देखते हुए प्रॉफिट की बात की जाए तो पठान, जवान काफी पीछे हैं। टॉपर है द केरल स्टोरी।




**ओएमजी 2 :** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 कॉन्ट्रोवर्सी में रही। गदर 2 के साथ इसका क्लैश था। इसके बाद भी फिल्म ने ठीक-ठाक प्रॉफिट कमा लिया। मूवी का बजट 65 करोड़ के करीब था। इसने 150 करोड़ का बिजनस किया। मूवी को 130.76 फीसदी फायदा हुआ।

**पठान:** शाहरुख खान की फिल्म पठान साल की पहली बंपर हिट थी। मूवी ने कमाई के कई रिकॉर्ड्स तोड़े। फिल्म 250 करोड़ के तगड़े बजट में बनी थी। मूवी का बिजनस 543.22 करोड़ रहा। इस इसका प्रॉफिट 117.28 फीसदी रहा।

### द केरल स्टोरी

द केरल स्टोरी मूवी काफी चर्चा में रही थी। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 30 करोड़ रुपए में बनी थी। इसने 238.27 करोड़ की कमाई की। इस हिसाब से इसका रिटर्न 694.23 फीसदी रहा।

### गदर 2

दूसरे नंबर पर मालामाल हुई गदर 2 की टीम। फिल्म का बजट 75 करोड़ के आसपास था। मूवी ने 525.50 करोड़ कमाई की। मूवी को 600.66 फीसदी रिटर्न मिला।

### एनिमल

तीसरे नंबर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने नोट छापे। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये था। इसने 537.27 करोड़ कमाए और अभी भी थिएटर्स में है। मूवी को 168.63 फीसदी रिटर्न मिला।

### 12वीं फेल

चौथा नंबर है विक्रांत मैसी स्टारर मूवी 12वीं फेल का। फिल्म का बजट महज 20 करोड़ था। मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म का बिजनस 51.93 करोड़ था तो रिटर्न 159.65 फीसदी रहा।

## काजोल ने दिखाया अपना AI अवतार

**मुंबई।** AI आज हर किसी की लाइफ का एक खास हिस्सा है। किसी भी काम को करने के लिए लोग अब एआई का सहारा लेते हैं। एआई एक ऐसा टूल है, जिसके जरिए लोग फोटो भी तैयार करते हैं। कुछ समय पहले ही कटरीना कैफ ने 'मैरी क्रिसमस' स्टार की एआई वर्जन में लेटेस्ट तस्वीरों शेयर की थीं। अब काजोल ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एआई वर्जन में बनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इस पर उनके फैंस भी जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। शुक्रवार को एक्ट्रेस काजोल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। यह फोटोज उनके एआई वर्जन की है। इन फोटोज में उनका विलेन का अवतार देखने को मिल रहा है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'आखिरकार मैं इस विचार को घर ले आई, यह सार्थक है। मुझे यह पसंद है, शायद किसी दिन इसे आजमाएं'। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा 'मेरा विलेन इरा शुरू और मेरा हैनिबल लुक'। फोटोज में काजोल का लुक बिल्कुल हैनिबल सीरीज के करेक्टर की तरह लग रहा है। इन फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दे रही हैं।



### अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, तुलसी सेहत के लिए फायदेमंद

# सर्दियों में च्यवनप्राश की जगह खाएं आयुर्वेदिक चीजें

जब आप छोटे रहे होंगे तब च्यवनप्राश जरूर खाया होगा। इसके अनगिनत फायदे बताकर घर वाले आपको खिलाया करते होंगे। लेकिन अब दौड़ती-भागती जिंदगी के कारण कई लोग इसका सेवन नहीं कर पाते। च्यवनप्राश को गुणों से भरपूर माना जाता है और दावा किया जाता है कि यह इम्यूनिटी मजबूत करता है। इसलिए सर्दियों में इसे खाना काफी फायदेमंद है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

च्यवनप्राश का स्वाद खट्टा-मीठा और तीखा होता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि इसका नाम 'च्यवन' ऋषि के नाम पर रखा गया है। च्यवनप्राश अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, सफेद चंदना, तुलसी, इलायची, अर्जुन, ब्राह्मी, केसर, घृत और शहद आदि को मिलाकर बनाया जाता है। 15 साल से अधिक एक्सपीरियंस वाली डाइटीशियन आशु गुप्ता का कहना है कि आज के समय में लोग नेचुरल फूड्स खाने की अपेक्षा मार्केट में बनी चीजें खाना पसंद करते हैं। अगर आप च्यवनप्राश के इंग्रेडिएंट को डायरेक्ट खाएंगे तो आपको अधिक फायदा होगा। अगर आप चाहें तो च्यवनप्राश जिन चीजों से बनता है, उनमें से कुछ चीजें आपकी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।



### तिल

तिल, सर्दियों में काफी प्रयोग में आती है। इसमें काफी मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। 28 ग्राम तिल में 160 कैलोरीस 5 ग्राम प्रोटीन, 3.3 ग्राम फाइबर होता है। इसमें जिंक, सेलेनियम, कॉपर, आयरन, विटामिन बी 6 और विटामिन ई काफी अच्छी मात्रा में होता है जो शरीर के व्हाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाता है।

### आंवला

आंवला पोषक तत्वों का एक पावरहाउस है। यह च्यवनप्राश का मुख्य इंग्रेडिएंट है। आंवला विटामिन सी के सबसे अच्छे सोर्स में से एक है। इसमें काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और इम्यूनिटी बूस्टर होते हैं। 100 ग्राम आंवला में लगभग 700 ग्राम विटामिन सी होता है। सर्दियों में इसके सेवन से काफी फायदा होगा।

### पिपली

स्वाद में तीखा और तासीर में गर्म पिपली 2000 वर्षों से भी पुरानी जड़ी-बूटी है। सदियों से इसका प्रयोग सेहत को अच्छा रखने के लिए होता आ रहा है। खांसी और सर्दी को जड़ से खत्म करने और इम्यूनिटी बढ़ाने में यह काफी फायदेमंद है।

### तुलसी

तुलसी में विटामिन सी और जिंक भरपूर मात्रा में होता है। यह नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है जिससे इंफेक्शन कम होता है। इसमें मौजूद भरपूर मात्रा में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण कई तरह से फायदे पहुंचाते हैं।

### नीम

नीम इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देती है जिससे शरीर विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्त रहता है। यह ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है। डायबिटीज वाले लोगों को यह काफी फायदेमंद है। मलेरिया, वायरल फ्लू, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाने में भी यह काफी फायदा पहुंचाता है।

## 50 साल की हुईं एक्ट्रेस ट्विंकल



**मुंबई।** एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना आज यानी 29 दिसंबर को अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्विमिंग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उनके साथ पति अक्षय कुमार और दोनों बच्चे आरव और नितारा भी दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर करते हुए 'बस तैरते रहो' और अपने जीवन को रोमांचक बनाने का मैसेज दिया। वीडियो में सभी डाइविंग मास्क और स्विमफिन पहने हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पत्नी ट्विंकल खन्ना के लिए प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने हल्क के साथ ट्विंकल की एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मेरे हल्क तुम लंबे समय तक जीती रहो!! अपने ह्यूमर से इतने साल तक हमें हंसाने के लिए धन्यवाद।। भगवान तुम्हारी उम्र में कई और साल जोड़े। जन्मदिन मुबारक हो, टीना।

## खबर संक्षेप

### जवाहर भवन, परीटार तालाब परिसर में सफाई



**सारंगढ़।** जिले के नगरीय निकायों में सुशासन दिवस से जारी स्वच्छता अभियान के तहत सीएमओ राजेश पांडेय के नेतृत्व में नगरपालिका सारंगढ़ के तुर्की तालाब के पास स्थित जवाहर भवन परिसर का सफाई किया गया। वहीं सीएमओ अनिल सोनवानी के नेतृत्व में बरमकेला के वार्ड क्रमांक 1 के परीटार तालाब का साफ-सफाई किया गया। नगरीय निकाय के सफाईकर्मियों द्वारा दोनो स्थलों का बखूबी सफाई किया गया।

### रेलवे ट्रैक में युवक का मिला शव

**रायगढ़।** खरसिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुराना महका गेट के समीप रेलवे ट्रैक में एक युवक का शव बरामद किया गया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मृतक में परिजनों के नही पहुंच पाने के कारण मृतक के बारे में कोई खास जानकारी नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों की माने तो युवक का नाम मनीष पटेल पिता कार्तिक राम पटेल बताए जा रहा है। यह घटना मध्य रात्रि करीब 2.30 की बताई जा रही है। वहीं इस मामले पुलिस आत्महत्या किए जाने की बात कह रही है। बताया जा रहा है की मृतक बड़े देवगांव का निवासी है। इस बारे में खरसिया चौकी प्रभारी सौरभ द्विवेदी ने बताया कि परिजनों के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### महिला श्रमिक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायगढ़।** महिला श्रमिक ने बंजारी मन्दिर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। श्याम इस्पात के ठेका मजदूर की लेबर क्वार्टर में संदिग्ध मौत हो गई। दोनों घटना पूंजीपथरा थाना की है। जानकारी के अनुसार तराईमाल स्थित बंजारी मन्दिर में साफ सफाई का काम करने वाली राधिका सिदार के आवासीय कमरे में उसकी बड़ी बहन पूजा सिदार पिता सुकुल साय 25 साल की फांसी के फंदे पर झूलती लाश मिली। मूलतः पत्थलगांव के ग्राम बहनाटांगर निवासी पूजा अपने माता पिता के साथ आकर छोटी बहन राधिका के बंजारी मन्दिर स्थित आवासीय कमरे में रहते हुए ठेकेदार के मातहत मजदूरी करती थी।

### 15 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** साइबर सेल और कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गोरखा में शराब छापेमार कार्रवाई किया गया। पुलिस को मुखबीर सूचना मिली थी कि गोरखा निवासी राजू उरांव उसके घर के पास अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है। तत्काल साइबर सेल और कोतरारोड पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर संदेही राजू उरांव को तलब कर अवैध शराब बेचने के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया जिस पर उसने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करना स्वीकार कर प्लास्टिक जरकिन और प्लास्टिक बोतल में रखा हुआ 15 लीटर महुआ शराब और शराब बिक्री रकम नकदी 2320 रुपए लाकर पेश किया जिसकी जब्ती कर थाना लाया गया।

## ठगी का नया पैंतरा : पैसों की मांग कर रहे ठग

# एफआईआर से नंबर निकाल प्रार्थी को मामले के निपटारे का दे रहे झांसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खास खबर

जिले में इन दिनों ठगों ने एफआईआर दर्ज कराने वाले प्रार्थियों को ठगने की एक नई तरकीब निकाली है। ठग एफआईआर से प्रार्थी का नंबर निकाल कर पुलिस से अच्छी पहचान होने और मामले को निपटाने के लिए रकम की मांग कर रहे हैं।

सूत्र बता रहे हैं कि इस बारे में पुलिस को शिकायत मिल चुकी है और इस मामले में बड़े ही गहन से जांच किए जाने की बात सूत्र बता रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में ठगों का नया दल सक्रिय हुआ है, जो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे प्रार्थियों से मामले के निपटारे के लिए बकायदा आनलाइन एफआईआर की कॉपी से उनका नंबर निकाल कर उनसे संपर्क कर रहा है। वहीं संबंधित मामले में सेटलमेंट कराने व निपटारे को लेकर वे प्रार्थियों को आश्वास्त करते हुए संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी से अच्छी पहचान होने की बात कर प्रार्थी भरोसा जीत कर उनसे पैसों की मांग भी कर रहे हैं। ऐसे में प्रार्थी भी इनके चंगूल में आकर फंसते नजर आ रहे हैं।




जिले में ठगों का नया दल सक्रिय

### पुलिस को मिली सूचना

पुलिस के आलाधिकारियों को भी इस ठगी व ठग गिरोह के बारे में उनके सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई है। इस मामले में पुलिस भी गुप्त पतासाजी कर गंभीरता से मामले पर नजर बनाए हुए है।

### लिया जा सकता है एक्शन

सूत्र बता रहे हैं कि इस प्रकार ठगी करने वाले लोगों पर पुलिस भी निगरानी रखते हुए एक्शन ले सकती है। हालांकि इस बात को भी गुप्त रखा गया है। हालांकि शिकायत मिलने के बाद उचित कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

### कार्रवाई की जाएगी

इस मामले में शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से जांच करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- सदानंद कुमार**
एसएसपी, रायगढ़

# कोतरलिया में लगी चक्रधर नगर पुलिस की जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीणों को साइबर अपराधों की दी गई जानकारी



जिले में रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा के खिलाफ अभियान के तहत 29 दिसंबर को थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में ग्राम कोतरलिया बीच बस्ती में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से महिलाएं आमंत्रित थी। कार्यक्रम में टीआई प्रशांत राव आहेर ने बताया कि नशापान घर, परिवार की बर्बादी और पिछड़ेपन का कारण बनता है।

परिवार का मुखिया यदि नशे का आदी है तो घर की महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान होती है। उन्होंने बताया कि पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही हैए बावजूद अवैध शराब बेचने वाले फिर सक्रिय हो जाते हैं। गांव को नशा मुक्त करने पुलिस व समाज के सहयोग महिलाओं को आगे आना होगा। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को गांव में भारत माता वाहिनी की तर्ज पर महिला समूह बनाकर अपने-अपने घरों से नशा को ना करने जागरूक किया और नशे पर कार्रवाई के लिए सूचनाएं देने प्रेरित किया गया जिससे पुलिस कार्यवाही करें जिसका महिलाओं ने समर्थन किया गया। थाना प्रभारी ने उपस्थित महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों की जानकारी और महिला को प्राप्त होने वाली विधिक सलाह और क्षतिपूर्ति राशि आदि के बारे में जानकारी दिया गया और वर्तमान में हो रहे सायबर अपराधों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक रहने कहा गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में गांव की महिलाएं, ग्राम सरपंच, थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर और थाना चक्रधरगर के आरक्षक सुशील यादव, चूडामणी गुप्ता एवं ग्राम कोटवार उपस्थित थे।

# बिलाईगढ़ के वीबीएस यात्रा में शामिल हुए संयुक्त सचिव

**सारंगढ़।** संयुक्त सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास अशोक चौबे ने जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम खजरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम का अवलोकन किया। श्री चौबे के सामने ड्रोन प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस यात्रा में अपने अपने विभाग के योजनाओं के डाटा जिसमें गांव मे कितने लोग हैं और कितने का आयुष्मान कार्ड बना है। ऐसे डाटा सभी विभाग शिविर मे रखेंगे और कितनों को लाभ दिया गया उस दिन और जो बचे उनके लिए क्या प्लान है। ये जानकारी सभी विभाग सभी शिविर मे देंगे।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी, सीईओ योगेश्वरी बर्मन आदि उपस्थित थे। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम जलगढ़ और जामपाली में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम खमहारडीह और सिरोली में किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम गाताडीह, हरदी, खुरसुला में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया, जहां जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था। जिले के नागरिकों को शिविर के माध्यम से विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का महिलाओं ने स्वागत एवं पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत निर्माण के लिए शपथ लिया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए संदेश का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचारों को व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ष्धरती कहे पुकार के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### सीएम एवं कैबिनेट मंत्री को लड्डूओं से तौला

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और रायगढ़ विधायक एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रथम रायगढ़ आगमन 27 दिसंबर बुधवार को हुआ। इस अवसर को ज्यादा यादगार बनाने के लिएए वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीराम मंदिर रायपुर के उपाध्यक्ष एवं रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास द्वारा उनके भव्य स्वागत के लिए गांधी प्रतिमा चौक को भव्य ढंग से सजाया गया था। इस समारोह में सुनील रामदास द्वारा मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी को लड्डूओं से तौला गया। इस सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को देखने सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोक उमड़ पड़े थे। इस समारोह मेंए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और रायगढ़ विधायक एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी का स्वागत अनोखे ढंग से किया गयाए जहां उन्हें लड्डुओं से तौला गया। यह भारतीय परंपरा सम्मान और आदर देने की एक प्रतीक है। समारोह में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लियाए जो मुख्यमंत्री को सुनने और उनसे मिलने के लिए उत्सुक और उत्साहित थे।

# 5 जनवरी से सुबह एवं दोपहर की पाली में लगेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम क्षेत्र में 5 जनवरी से सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चिन्हअंकित जगह पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप का आयोजन होगा। कैंप में निगम अंतर्गत राशन कार्ड जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पीएम विश्वकर्म योजना सहित सभी योजनाओं का आवेदन लिए जाएंगे।

- कैंप में निगम के अंतर्गत सभी योजनाओं का हितग्राही कर सकेंगे आवेदन

शासन के निर्देशानुसार नगर निगम व नकरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत अभियान यात्रा का आयोजन होगा। इसमें सभी वार्डों के लिए शासन के सभी योजनाओं के संभावित हितग्राहियों को संभावित लाभ पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम स्थानों में शासन के अंतर्गत कार्यरत सभी विभाग के स्टाल लगेंगे, जिसमें अधिकारी कर्मचारी संबंधित योजनाओं के हितग्राहियों से आवेदन लेंगे और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 सामुदायिक भवन में विकसित भारत अभियान कैंप का आयोजन 5 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। कैंप प्रभारी उप अभियंता दिलीप उरांव को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने स्टाल पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम स्थल में वार्ड क्रमांक 33 से 38 एवं 41 के हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। इसी तरह 5 जनवरी की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 23 बोईरदादर स्टेडियम में वार्ड क्रमांक 21 से 25 एवं 47, 48 के लए कैंप का आयोजन होगा। कैंप प्रभारी उप अभियंता राजेश पंडा का नियुक्त किया गया है। 6 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक वार्ड क्रमांक 13 मंगल भवन केवाड़ाबाड़ी बस स्टेंड में वार्ड क्रमांक 6 से 13 तक के लिए कैंप का अयोजन होगा। इसके लिए कैंप प्रभारी धीरत प्रजापति को नियुक्त किया गया है। 6 जनवरी की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 43 गोरखा हाई स्कूल जिंदल रोड में कैंप का आयोजन होगा। यहां वार्ड क्रमांक 4,5 एवं 43 से 46 तक हितग्राहि आवेदन कर सकेंगे। कैंप के लिए उप अभियंता मुन्ना ओझा होंगे। 7 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक वार्ड क्रमांक 28 नगर निगम आडिटोरियम पंजरी प्लांट में कैंप का आयोजन होगा।

# जेएसपी फाउण्डेशन ने नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का किया संचालन

**तमनार।** जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार द्वारा गारे पालमा माइंस प्रक्षेत्र के ग्रामों में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम झरना में जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम पंच, स्व सहायता समूह की नारी शक्ति एकता की सक्रिय भागीदारी में सम्पूर्ण ग्राम में नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली निकाल कर गगन भेदी नारों के साथ आम जन मानस को जागरूक करने का समर्पित प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सविता कमल राठिया अध्यक्ष, जनपद पंचायत तमनार ने अपने सारगर्भित सम्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम अत्यधिक महत्वपूर्ण व आवश्यक है, क्योंकि हमसभी अपने स्वास्थ्य एवं परिवार को नशा मुक्त कर उसके सर्वांगीण विकास के बारे में परिचर्चा करने के लिए उपस्थित हुए हैं। आज हमें प्रण कर नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने का दिन है। स्वागतिका सिदार ने कहा कि नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का आयोजन को महज एक रैली न समझ कर समस्त ग्रामवासियों को एकजूटता प्रदर्शित कर इस अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ लेने का दिन है। अभियान सभी को अपने अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क व जागरूक रहने का संदेश व प्रेरणा देती है। इस अवसर पर शीतल पटेल, उप प्रबंधक, जेपीएल तमनार ने कहा कि जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित रही है। विशेषकर सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर क्षेत्र में स्वस्थ वातावरण निर्माण के लिए विभिन्न लोकोपयोगी स्वास्थ्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसे अपनाकर, जागरूक होकर स्वस्थ रहा जा सकता है।



# तमनार में क्रिकेट का फाइनल 1 को

**तमनार।** तमनार के हाई स्कूल मैदान में सर्वोदय नवयुवक मंडल पटनायक मोहल्ला द्वारा आयोजित अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप 2022-23 में रोमांचक मुकाबला कांटे की टक्कर हो रही है।क्रिकेट स्पर्धा में डीजे साउंड के साथ नागपुर, कलकत्ता के डेढ़ दर्जन नृत्यांगनाओं की मनोरम नृत्य प्रस्तुति से हजारो दर्शक खेलप्रेमी मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। अब तक तमनार, रुमकेरा, भगवती नगर गेम चेंजर, श्रीराम इंटरप्राइजेज महलोई पूंजीपथरा, घुटकु ननसिया, केशरचुआ बासनपाली, लिबरा तराईमाल, तमनार भगोरा, समकेरा बिजना, किरोड़ीमलनगर मुड़ागांव, सावित्रीनगर कसडोल, बोबा 11. एबीवीपी बोबा 11 भगवतीनगर, सीएसआर समकेरा, तमनार केशरचुआ, तमनार महलोई का मैच हो खेला जा चुका है। फायनल मैच समापन 1 जनवरी 2024 नव वर्ष के शुभ अवसर पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में स्थानीय तमनार, रायगढ़, बिलासपुर के साथ, कुम्बली, कटघोरा, सूरजपुर, ओडिसा, झारखण्ड मध्यप्रदेश सहित 32 टीम शामिल होंगे। हाई स्कूल मैदान के चारो ओर रंग रोगन व झंडा से सुसज्जित कर मंच व दर्शक दीर्घा विजय गैलरी को राज टेंट हाउस द्वारा भव्य सजाया संवारा गया है। क्रिकेट स्पर्धा करण कप में प्रथम पुरुस्कार 1 लाख 51 हजार व करण कप द्वितीय पुरस्कार 61 हजार व करण कप तृतीय पुरुस्कार 15 हजार करण कपएमेन ऑफ दी सीरीज व कप एवं प्रत्येक मैच में मेन ऑफ़ दी मैचए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, फील्डर, कीपर को विशेष आकर्षक पुरुस्कार एवं हैट्रिक विकेट, चौके छक्के पर अन्य आकर्षक पुरुस्कार रखा गया है। तमनार अंचल के मशहूर क्रिकेट महाकुम्भ में खिलाड़ियों खेलप्रेमियों दर्शकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सफल बनाने अपील किया गया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2009 से हर वर्ष 25 दिसम्बर से 1 जनवरी तक भव्य आयोजन की जाती है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### पहाड़ी कोरवाओं ...

क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं। जिले के चिन्हांकित सभी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाने के लिए कहा। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

# टीचर्स अवॉर्डी फोरम ने की सीएम से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय के प्रथम आगमन पर 27 दिसंबर बुधवार रात्रिकालीन अवसर पर सर्किट हाउस रायगढ़ में सौजन्य भेंट मुलाकात कर छत्तीसगढ़ राज्य टीचर्स अवॉर्डी फोरम के पदाधिकारियों ने सीएम से मुलाकात की।

राज्यपाल पुरस्कृत राजेन्द्र चौहान ने कहा कि जहां आने वाले दिनों में अवॉर्डी शिक्षकों के फोरम पंजीयन क्रमांक छग राज्य 5350 के बैनर तले प्रतिनिधि मंडल से मिलने व अवॉर्डी फोरम के उद्देश्यों राष्ट्रहित, समाज हित, शिक्षक हित छात्र हित पर वार्तालाप एवं ज्ञापन सौंपने हेतु आवेदन पत्र दिया गया जहां छत्तीसगढ़ राज्य के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आवेदन को सहर्ष स्वीकार कर शीघ्र ही मुख्यमंत्री निवास से समय व तिथि निश्चित कर सम्मानित शिक्षकों को सूचित करने की बात कही। इस अवसर पर आत्मानंद विद्यालय बरमकेला में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कृत पवन कुमार नायक साथ में उपस्थित थे। उक्त प्रयास की सराहना करते हुए फोरम के सम्मानित सदस्यों सहित प्रदेश महासचिव मुन्नालाल देवदास एवं प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा ने शुभकामनाएं अर्पित की है।

### ओपन स्कूल का विलंब शुल्क जमा करने की तिथि जारी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर के निर्देशानुसार हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 में छात्र-छात्राएं ऑनलाईन एवं ऑफलाईन के माध्यम से 31 दिसंबर तक एवं विलम्ब शुल्क के साथ 14 जनवरी 2024 तक आवेदन किया जा सकता है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

बदलते मौसम में सिर दर्द को अनदेखा करना बन सकता है...
ब्रेन स्ट्रोक
पैरालिसिस
माइग्रेन
ब्रेन ट्यूमर
जैसी खतरनाक बीमारी का कारण
Dr. Neelam Sahu Puri
MBBS, MD, DrNB
Neurology Consultant
इलाज के लिए हमारे विशेषज्ञ से परामर्श लें...
मार्क हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
गीता पैलेस के पास, कपिल नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 9109969722, 9039028850
#MGR

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।